## शहर में रायगढ़ पुलिस की "कांबिंग गस्त", चलाया गया विशेष अभियान

# चेकिंग के दौरान 68 संदिग्धों पर हुई प्रतिबंधात्मक कार्यवाई, 45 वाहन चालकों का कटा चालान, 30 वारंटी भी पकड़ाए

### सीएसपी और थाना, चौकी प्रभारियों के साथ कांबिग गस्त में 200 से अधिक जवान रहे सक्रिय

**रायगढ़।** एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर शहर के थाना, चौकी के अलावा नजदीकी थानों से करीब 200 जवान दिनांक 24-25 सितंबर की रात्रि 10.00 बजे पुलिस कंट्रोल रूम में फालिंग हुए। सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा द्वारा स्टाफ को फालिंग का उद्देश्य रात्रि 11:00 से सुबह 5:00 बजे तक कांबिंग गस्त करना बताये और कांबिग गस्त के संबंध में ब्रीफ कर कंट्रोल रूम से रवाना किये। रात्रि करीब 11:30 बजे एसपी अभिषेकमीणा स्वयं सभी चेकप्वाइंट पर पहुंचकर जवानों को कांबिंग गस्त का महत्व समझाते हुए महत्त्वपूर्ण दिशा निर्देश दिया गया तथा स्वयं वाहनों तथा आने जाने वाले लोगों से पूछताछ कर जांच किए।

चेकप्वाइंट तथा पेट्रोलिंग दौरान पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा प्रत्येक वाहनों की जांच कर आवागमन के कारण पहचान पत्र की तस्दीक गया, इस दौरान कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के जवाब संतोषप्रद नहीं पाए जाने पर आवश्यकतानुसार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है।

कांबिग गस्त दौरान चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जमुना इन चौक पर एक पुराने चोर सूरज लहरे निवासी ढिमरापुर चौक को संदिग्ध अवस्था में घूमते पकड़ा गया, देर रात्रि घूमने का कारण संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संदिग्ध पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार मेडिकल कॉलेज व अन्य स्थानों पर पकड़े गए संदिग्धों पर चक्रधरनगर पुलिस द्वारा प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई है । पुलिस टीम चक्रधरनगर के बोइदादर चौक पर चेकिंग दौरान 5 युवकों के पास रखा 65 लीटर डीजल जब्त किया गया है, पूछताछ में संदिग्ध युवकों का जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने और डीजल चोरी की होने के संदेह पर युवकों के विरुद्ध 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्यवाही किया गया। वहीं आउटर पेट्रोलिंग में लगी पुलिस टीम द्वारा वारंटी शिवनारायण सारथी निवासी बरलिया को पकड़ा गया। इसी क्रम में चक्रधरनगर क्षेत्र फॉरेस्ट बैरियर में तमनार की ओर से बाइक पर आ रहे तीन युवक और एक युवती को पकड़ा गया है पूछताछ में युवती परिजनों को बिना बताए घर से जाना पाए जाने पर परिजनों को बुलाकर सुपुर्द किया गया।

कोतरारोड क्षेत्र में आने वाले हाइवे, किरोडीमलनगर, आजाद चौंक, चिराईपानी, नंदेली, सीएमओ तिराह, खैरपुर पर पुलिस टीम द्वारा 51 संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया पूछताछ में जिनका जवाब संतोषजनक नहीं पाए जाने पर कोतरारोड़ पुलिस द्वारा 109 CrpC की कार्यवाही की गई है। इसी प्रकार कोतवाली क्षेत्र में भी 9 संदिग्धों पर 109 CrPC की कार्रवाई की गई है।

जूटमिल क्षेत्र 5 ऐसे संदिग्धों को पकड़ा गया है जो छातामुड़ा बाईपास पर डीजल चोरी और खड़े वाहनों से मोबाइल चोरी करने की फिराक में घूमते हैं जिन पर 109 जाफौ की कार्यवाही की गई । वाहन चेकिंग दौरान 2 युवक के पास से 5 संदिग्ध मोबाइल मिला है जिसकी तस्दीक की जा रही है। कांबिग गश्त दौरान पुलिस टीमों द्वारा 45 वाहन चालकों पर एमव्ही एक्ट की कार्यवाही किया गया है





तथा वारंटियों के धरपकड़ में 30 वारंटी पुलिस के हाथ आये हैं, सभी गिरफ्तारी वारंटी हैं। कांबिंग ग्रस्त दौरान कुल 68 संदिग्ध व्यक्तियों पर 109 CrPC कार्यवाही की गई है।

शहर में थाना प्रभारी कोतवाली, चक्रधरनगर, कोतरारोड चौकी प्रभारी जूटमिल के प्रभारी एवं उसके स्टॉफ के अलावा नजदीकी थाने पुसौर, पूंजीपथरा, तमनार, भूपदेवपुर के भी प्रभारी व स्टाफ मौजूद थे। कांबिंग दस्त के लिए थाना खरसिया, 6वीं बटालियन/ पुलिस लाइन के रिजर्व बल, ऑफिस स्टाफ, कोर्ट कार्य करने वाले आरक्षक, नगर सेना, साइबर सेल के लगभग 200 से अधिक जवानों को गस्त पर लगाया गया। 40 चिन्हांकित गस्त पॉइंट तथा 12 पेट्रोलिंग शहर और आऊटर क्षेत्र में पेट्रोलिंग पर लगाया गया था। आगे भी इस प्रकार कॉबिंग गस्त की कार्यवाही नियमित रूप से जारी रहेगा।

- एसपी अभिषेक मीणा के नेतृत्व में पुलिसिंग में कसावट लाने चलाया गया अभियान
- कांबिग गस्त में बोइरदादर चौक पर 65 लीटर डीजल के साथ पकड़े गए 5 युवक
- बिना बताए घर से निकली युवती को किया गया परिजनों के सुपुर्द
- छातामुड़ा क्षेत्र में वाहनों से डीजल, मोबाइल चोरी की फिराक में घूम रहे आधा दर्जन युवकों को लाया गया चौकी जूटमिल
- जूटमिल क्षेत्र में 2 युवक के पास मिला 5 संदिग्ध मोबाइल

## महत्वपूर्ण एवं खास

### ट्रेलर की चपेट में बाइक सवार वृद्ध की मौत

**महासमुंद (आरएनएस)।** बाइक सवार वृद्ध ट्रेलर की चपेट में आ गया इससे उनकी घटना स्थल पर मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस को पिथौरा थाना क्षेत्र के ग्राम धनोरा निवासी सुरेश कुमार ध्रुव (45) ने बताया कि वे बाइक क्रमांक सीजी 06 जीवी 2136 से तुमगांव सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती भतीजे नरेश ध्रुव को देखने के लिए बड़े भाई की बाइक से मित्र रायसिंग आए थे उन्हें देखकर वापस जा रहे थे। इसी दौरान एनएच 53 तुमगांव तिराहे के पास रायपुर की ओर से आ रहे ट्रेलर क्रमांक आर जे 39 जीए 2903 के चालक ने बाइक को पीछे से ठोकर मार दिया। जिससे बाइक में सवार रायसिंग ठाकुर ट्रेलर की चपेट में आ गया और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी ट्रक चालक को गिरफ्तार कर धारा 279, 337, 304 ए के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### ट्रक की ठोकर से अंडरब्रिज क्षतिग्रस्त

**महासमुंद (आरएनएस)।** सरायपाली थाना क्षेत्र में ट्रक की ठोकर से अंडरब्रिज के सर्विस रोड के ड्रेन एवं एक हजारी बोर्ड को नुकसान हुआ है। छुईपाली टोल प्लाजा में रूट पेट्रोलिंग ऑफिसर के पद पर कार्यरत सोमनाथ भोई ने पुलिस को बताया कि बीते 22 सितंबर को रात्रि पेट्रोलिंग के दौरान देखा कि वाहन क्रमांक ओडी 15 एन 4655 के चालक ने वाहन को लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाईपास कुटेला अंडरब्रिज के सर्विस रोड के ड्रेन एवं एक हजारी बोर्ड को नुकसान पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 279, 431 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

### पंडोंपारा में बरपा हाथियों का कहर

**कोरबा (आरएनएस)।** वन विभाग के तमाम प्रयासों के बावजूद कटघोरा वनमंडल के पसान रेंज में हाथियों का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है। यहां 22 हाथियों का दल काफी समय से घूम रहा है। यह दल बीती रात केंदई गांव के पंडों पारा में अचानक प्रवेश किया और उत्पात मचाते हुए तीन ग्रामीणों के घर तोड़ दिएए वहीं आधा दर्जन लोगों की बाड़ियों में घूसकर वहां लगे मक्का की फसल को रौंदने के साथ तहस. नहस कर दिया। हाथियों का उत्पात रात भर चला। इस दौरान ग्रामीण रतजगा करते रहे। सुबह होने पर हाथियों ने जंगल का रूख किया, तब ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।

### बस्तर फाइटर भर्ती में फर्जी दस्तावेज के जरिए नौकरी पाने की जांच शुरू हुई

**जगदलपुर (आरएनएस)।** बस्तर फाइटर भर्ती में फर्जी तरीके से नौकरी हथियाने के मामले की जांच शुरू कर दी गई है। शिकायतकर्ता और आरोपी युवक का बयान दर्ज करने के बाद आज एसडीएम ने ग्राम छोटे देवड़ा जाकर मामले से जुड़े पहलुओं की पड़ताल किया है। मामले के आरोपी कमलोचन और उसके पिता पाकलू से बयान लिया जा चुका है, साथ ही शिकायतकर्ता मानसिंह का भी बयान दर्ज हो चुका है। बस्तर एसडीएम ओमप्रकाश वर्मा ने ग्राम छोटे देवडा के पंचायत भवन में पटवारी, शिकायतकर्ता और आरोपी एवं पूर्व व वर्तमान सरपंच आदि के बयान दर्ज किया है।

## चोरी की मोबाइल सस्ते में खरीदने मुसाफिरों को ऑफर देते धराए दो चोर, चोरी की पांच मोबाईल जब्त

**रायगढ़।** कांबिंग गस्त/ पेट्रोलिंग दौरान चौकी प्रभारी जूटमिल कमल किशोर पटेल को मुखबीर से सूचना मिला कि दो बाहरी व्यक्ति जड़ी बूटी बेचने के बहाने ट्रांसपोर्ट नगर बस स्टैंड पर आने जाने वाले लोगों और मुसाफिरों को मोबाइल फोन दिखाकर सस्ते में खरीद लेने का ऑफर दे रहे थे जिस पर चौकी प्रभारी एवं हमराह स्टाफ दोनों संदिग्धों को मौके पर पहुंचकर दोनों से नाम पता पूछताछ कर उनके पास रखें बेचने वाले 5 मोबाइलों के संबंध में पूछताछ करने पर गोलमोल जवाब दे रहे थे , जिन्हें हिरासत में लेकर चौकी लाया गया। संदिग्ध अपना नाम निसार खान पिता अबरार खान उम्र 34 वर्ष और सद्दाक खान पिता शखरूम खान 28 साल दोनों निवासी करमुलापुर बेहटा बहता थाना सफदरगंज, जिला बाराबंकी (उत्तर प्रदेश) के रहने वाले बताएं जिनके पास



रखे सैमसंग, रेडमी, ओप्पो इंफिनिक्स 5 मोबाइल कुल कीमत ₹20000 जप्त कर मोबाइल फोन चोरी के होने के संदेह पर जूटमिल पुलिस द्वारा दोनों संदिग्ध के विरुद्ध 41(1+4)CrPC/ 379 IPC की कार्यवाही कर दोनों आरोपियों को आज दोपहर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है जहां आरोपियों के विरुद्ध जेल वारंट पर दोनों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। कार्यवाही में चौकी प्रभारी कमल किशोर पटेल, प्रधान आरक्षक रामनाथ बनर्जी व हमराह स्टाफ शामिल थे।

## नाबालिगों और मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर बाइक चलाने वालों पर रायगढ़ यातायात पुलिस ने छेड़ा अभियान

- लापरवाह वाहन चालक और नाबालिगों के परिजन सहित 26 व्यक्तियों का काटा गया चालान
- सत्तीगुड़ी चौक, घड़ी चौक, हंडी चौक व केवडाबाड़ी चौक पर की गई वाहनों जांच

**रायगढ़।** एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन पर दिनांक 25.09.2022 के रायगढ़ के विभिन्न चौक चौराहों पर प्रभारी थाना यातायात एवं टीआई कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर द्वारा यातायात व कोतवाली स्टाफ के साथ नाबालिक वाहन चालकों एवं मॉडिफाई साइलेंसर लगाकर वाहन चलाने वाले चालकों पर कार्यवाही किया गया। सुबह सत्तीगुड़ी चौक पर चेकिंग दौरान 13 नाबालिकों को दुपहिया चलाते रोका गया जिन्हें वाहन समेत थाना यातायात लाया गया जहां उनके परिजनों को बुलाकर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत ₹1000-₹1000 का चालान काटा गया है। परिजनों को सचेत किया गया है कि नाबालिगों के वाहन चलाते पकड़े जाने पर पालक पर कार्यवाही किए जाने का प्रावधान है।





इसी क्रम में चेक पॉइंट पर मॉडिफाई साइलेंसर वाले 3 वाहन चालक, बिना लाइसेंस वाहन चला रहे 3 वाहन चालक, मोबाइल प्रयोग कर वाहन चलाते पकड़े गए 1 चालक तथा मौके पर वाहन के कागजात, ड्राइविंग लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर पाने वाले 6 वाहन चालक सहित कुल 26 वाहन चालकों पर यातायात नियमों के अनुसार ₹24,300 का चालान वसूल किया गया है जिसे राजस्व खाते में जमा किया जावेगा। वाहन चेकिंग कार्यवाही में टीआई मनीष नागर, सहायक उपनिरीक्षक प्रेमसाय भगत, राजेंद्र पटेल, प्रधान आरक्षक उमा शंकर नायक, रतन सिंह एवं हमराह स्टाफ शामिल थे। नाबालिगों के वाहन चलाए जाने की मिल रही शिकायतों पर आगे भी यह कार्यवाही क्रमवार जारी रहेगा।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया निर्णायक टी 20 मैच के बीच सट्टा खेल रहे 2 सटोरिए गिरफ्तार

- आरोपियों से 4000 रुपए नगद, 2 मोबाइल और लाखों की सट्टा पट्टी जब्त
- मरीन ड्राइव और बेलादुला पर चक्रधरनगर पुलिस की रेड

**रायगढ़।** एसपी अभिषेकमीणा के दिशा निर्देशन एवं सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर जिले में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा की सूचनाओं पर प्रतिदिन कार्यवाही किया जा रहा है। दिनांक 25.09.2022 को चक्रधरनगर टीआई शनिप रात्रे के नेतृत्व में क्रिकेट सट्टा पर निगाह रखे हुए चक्रधरनगर पुलिस स्टाफ द्वारा रात्रि करीब 8:00 बजे मुखबीर द्वारा मिले लगातार एक के बाद एक दो सूचनाओं पर रेड कार्यवाही किया गया है।

मुखबीर द्वारा इंदिरा चौक बेलादुला के पास तथा मरीन ड्राइव रोड पंजरी प्लांट में पुल के पास भारत-ऑस्ट्रेलिया निर्णय T20 मैच पर बॉल टू बॉल सट्टा नोट कर रहे दो आरोपियों की सूचना दी गई जिन्हें घेराबंदी कर हिरासत में लिया, मुखबिर की सूचना पुख्ता थी। इंदिरा चौक पर सट्टा लेने वाले आरोपी सतीश यादव पिता दिलदार यादव उम्र 21 साल निवासी बेलादुला थाना चक्रधर नगर के पास से एक ओप्पो कंपनी का मोबाइल, नगद रुपए 2200 एवं एक कॉपी जिसमें करीब ₹80000 का सट्टा पट्टी का हिसाब लिखा जप्त किया गया है।





वहीं मरीन ड्राइव रोड पंजरी प्लांट पुल के पास पकड़े गए युवक हरीश यादव पिता प्रहलाद यादव उम्र 22 साल निवासी पुराना बस डिपो बजरंगपारा थाना कोतवाली रायगढ़ के पास से एक सैमसंग मोबाइल, सट्टा पट्टी कागज, पेन और नगद रकम ₹1800 जप्त किया गया। आरोपियों पर थाना चक्रधर नगर में धारा 4 (क) सार्वजनिक द्रुत अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई है। थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में कार्यवाही में प्रधान आरक्षक सतीश पाठक, लोमस सिंह राजपूत, आरक्षक सुशील यादव, चुडामणि गुप्ता, संदीप मिश्रा और विक्कू सिंह ठाकुर शामिल थे।

## चांदनी चौक और रियापारा में क्रिकेट सट्टा नोट कर रहे 2 आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से 3200 रुपए नगद, 3 मोबाइल और सट्टा पट्टी जब्त

**रायगढ़।** ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही के क्रम में कोतवाली टीआई मनीष नागर के नेतृत्व में लगातार शहर में कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में पुनः दिनांक 25.09.2022 को कोतवाली थाने के सहायक उपनिरीक्षक दिलीप कुमार बेहरा द्वारा हमराह आरक्षक संतोष जायसवाल के साथ मुखबीर सूचना पर चांदनी चौक के पास आरोपी (1) सोनू वर्मा पिता अनिल वर्मा उम्र 27 वर्ष निवासी तुर्कापारा रायगढ़ एवं चांदनी चौक में आरोपी (2) युगल यादव पिता यशवंत यादव उम्र 26 वर्ष निवासी चांदमारी थाना कोतवाली को भारत-ऑस्ट्रेलिया T20 क्रिकेट मैच में ऑनलाइन सट्टा नोट करते पकड़ा गया है। दोनों आरोपियों के कब्जे से लाखों रुपए के सट्टा पट्टी, नकद ₹3200, 3 नग मोबाइल की जब्ती की गई है आरोपियों पर थाना कोतवाली में धारा 4-क जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है। एसपी अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं सीएसपी रायगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर टीआई मनीष नागर एवं हमराह स्टाफ क्षेत्र में ऑनलाइन सट्टा लेने वालों पर निगाह रखे हुए हैं, कार्यवाही जारी है।

## मानसून द्रोणिका के प्रभाव से छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, हल्की बारिश की आसार

**रायपुर (आरएनएस)।** मानसून द्रोणिका के प्रभाव से एक बार फिर छत्तीसगढ़ के मौसम में बदलाव दिखाई दे रहा है। रविवार को प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है। छग मौसम विभाग ने आज रविवार 25 सितंबर को अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।



मौसम विभाग के अनुसार, एक द्रोणिका उत्तर-पूर्व राजस्थान से उत्तर छत्तीसगढ़ तक 3.1 किलोमीटर ऊंचाई और एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे तटीय आंध्र प्रदेश के ऊपर 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। आज 25 सितंबर को प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश होने के साथ गरज चमक के साथ बौछार की संभावना है। एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात की आशंका है।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि प्रदेश में 25 से 28 सितंबर तक हल्की तो 1 अक्टूबर को भी हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मानसून की विदाई से पहले 29 सितंबर तक बारिश की गतिविधियां जारी रहेंगी।25 सितंबर से उत्तरी हवाएं चलेंगी और अक्टूबर के पहले सप्ताह से मानसून की विदाई शुरू हो जाएगी।सामान्यत: मानसूनी बारिश 30 सितंबर तक होती है, ऐसे में प्रदेश में 5-10 अक्टूबर तक विदाई हो सकती है।

## टी 20 क्रिकेट मैच पर ऑनलाइन सट्टा खेल रहा आरोपी गिरफ्तार, 5000 रुपए नगद, मोबाइल, 86185 रुपए का सट्टा लिखा पर्ची जब्त

- ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर खरसिया में भी कार्यवाही

**रायगढ़।** एसपी अभिषेकमीणा द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को क्षेत्र में मुखबिर लगाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए हैं जिस पर थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा एसडीओपी निमिषा पांडे के मार्गदर्शन पर आज क्षेत्र में मुखबिर लगाकर ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा पर कार्यवाही किया गया है।

दिनांक 25.09.2022 के रात्रि करीब 8:00 बजे थाना प्रभारी खरसिया उपनिरीक्षक नंदकिशोर गौतम को मुखबिर से सूचना मिला कि तालाब पार पर कुछ लोगों की भीड़ है, जहां पुरानी बस्ती खरसिया का अर्जुन राठौर तालाब पार में बैठकर भारत ऑस्ट्रेलिया T20 क्रिकेट मैच में मोबाइल से सट्टा ले रहा है तत्काल पेट्रोलिंग कर रहे थाना प्रभारी खरसिया आरक्षक मुकेश यादव के साथ तालाब पार में पहुंचे जहां अर्जुन राठौर पिता शंकरलाल राठौर उम्र 42 साल पुरानी बस्ती खरसिया मौजूद मिला जिसके पास से एक पर्ची जिसमें 86185 रुपए सट्टा पट्टी का हिसाब लिखा हुआ तथा दांव में लगे नगद रकम ₹5000, मोबाइल की जब्ती की गई है। अर्जुन राठौर पर पूर्व में भी सट्टे की कार्यवाही किया गया है। आरोपी अर्जुन राठौर पर थाना प्रभारी खरसिया धारा 4-क जुआ एक्ट के साथ पृथक से धारा 151 सीआरपीसी की कार्यवाही किया गया है।



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480